आइआइएम के कॉन्वोकेशन में बोले राज्यपाल

जीवन में प्रबंधन अहम

आइसीएसआइ सिग्नेचर अवार्ड के प्रसून अदक को गोल्ड मेडल मिला

ranchi@inext.co.in

RANCHI (23 April) : भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची के 11वें दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया. दीक्षांत समारोह में सात छात्रों को गोल्ड मेडल दिया गया, जबकि 352 को अतिथियों के हाथों डिग्रियां दी गई. आइआइएम रांची के स्वामी विवेकानंद आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के परिसर में उत्सवी माहौल देखा गया. यह समारोह इस वजह से भी खास हो गया कि आइआइएम अधिनियम 2017 की शुरुआत से संस्थान को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा दिया गया है. वर्ष 2020-22 बैच के लिए आयोजित कार्यक्रम में राज यपाल सीपी राधाकृष्णन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. इसके अलावा ब्लैकस्टोन ईपीएल लिमिटेड के एमडी और ग्लोबल सीईओ आनंद कृपालु भी अतिथि के तौर पर मौजूद रहे. मौके पर राज्यपाल ने कहा कि प्रबंधन शिक्षा का विचार छात्रों को केवल बोर्डरूम के लिए तैयार करने से लेकर भविष्य में उभरने वाली नई चुनौतियों जैसे कोविड, ग्लोबल वार्मिंग आदि का सामना करने के लिए अनुकूलन और परिवर्तन के लिए छात्रों को जीवन कौशल से लैस करने तक विस्तारित हुआ है.

गवर्नर सीपी राधाकृष्णन के हाथों सम्मान.

नए थॉट्स के साथ तैयार

एक बहुत उत्साहजनक विकास जो हाल के वर्षों में सामने आया है वह छात्रों द्वारा स्टार्ट-अप और उद्यमिता की संस्कृति है. कालेज के बाहर के छात्र आज अपने नवीन विचारों के साथ दुनिया का सामना करने के लिए तैयार हैं.... उनके पास सफल होने और समाज के सामने आने वाली समस्याओं को हल करने का उत्साह है. देश के प्रमुख बिजनेस स्कूलों का कर्तव्य है कि वे न केवल यह सुनिश्चित करें कि हमारे पास बिजनेस लीडर हों बल्कि उद्यमी भी हों जो सपना देख सकें और अगला बड़ा बिजनेस वेंचर तैयार कर सकें. उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि आइआइएम रांची ने भी महात्मा गांधी राष्ट्रीय फैलोशिप और वंदन कार्यक्रमों का हिस्सा बनकर झारखंड में लोगों के जीवन की गुणवत्ता पर प्रभाव पैदा करने का प्रयास किया है.

आइआइएम की सराहना

राज्यपाल ने स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए बिरसा मुंडा सेंटर फार ट्राइबल अफेयर्स की स्थापना के लिए आइआइएम रांची की सराहना की. राज्यपाल ने छात्रों को नैतिक और सामाजिक रूप से जागरूक पेशेवर बनने की सलाह दी जो जिम्मेदार नागरिकों के रूप में राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे....

निदेशक ने किया वेलकम

आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि संस्थान पूरी तरह से स्थाई परिसर में स्थानांतरित हो गया है. जिसमें डिजिटल बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित सबसे आधुनिक सुविधाएं हैं. कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए कैंपस अनुभव का बहुत बड़ा महत्व होता है. उन्होंने शीर्ष बी-स्कूल में से एक से स्नातक करने पर छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. बोर्ड आफ गवर्नर्स के अध्यक्ष और सदस्यों को उनकी दिशा और सलाह के लिए आभार व्यक्त किया, जिससे आइआइएम रांची को अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में एक नई दिशा देने में मदद मिली है.

इन्हें मिला सम्मान

- एमबीए कार्यक्रम में सामरिक प्रबंधन क्षेत्र में सर्वोच्च जीपीए हासिल करने के लिए आकाश बनर्जी को प्रो आशीष हजेला मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया
- आइसीएसआइ सिग्नेचर अवार्ड के प्रसून अदक को एमबीए प्रोग्राम में सर्वाधिक सीजीपीए के लिए गोल्ड मेडल मिला
- पीएचडी 01, एग्जीक्यूटिव पीएचडी 02, एमबीए प्रोग्राम 254, एमबीए एचआरएम प्रोग्राम 72, एग्जीक्यूटिव एमबीए के 23 छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई.

किसे क्या मिला

- **एमबीए प्रोग्राम :** प्रसून अदक को गोल्ड मेडल, कार्तिक कापड़ी को सिल्वर, अंकिता प्रिया को ब्रांज मेडल देकर सम्मानित किया गया. जबकि अभिषेक टंडन को चौथा व जान्हवी अग्रवाल को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ.
- **एमबीए एचआरएम प्रोग्राम :** देबाराथी चटर्जी को गोल्ड मेडल, अनुरिमा अमिताभ चक्रवर्ती को सिल्वर, बी ऐश्वर्या राय को ब्रांज मेडल प्राप्त हुआ. जबकि शिवांगी मित्तल को चौथा व करीब निशा अब्दुलकरीम को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ.
- **एग्जीक्यूटिव एमबीए प्रोग्राम :** सौमित्रा मुखर्जी को गोल्ड, प्रतीक खन्ना को सिल्वर, सुभ्रा धारा को ब्रांज जबकि चिरंजीत चटर्जी को चौथा व प्रियम मित्रा को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ.
- **पीएचडी प्रोग्राम :** आदित्य बनर्जी को मिला सम्मान
- **एग्जीक्यूटिव पीएचडी प्रोग्राम :** राजा शंकरन को मार्केटिंग मैनेजमेंट जबकि रजत कुमार बेहरा को इंफार्मेशन सिस्टम बिजनेस एनालाइटिक्स के लिए सम्मान मिला.

For more news log on to
www.inextlive.com